प्रथम पूज्य गजबदन विनायक

प्रथम पूज्य गजबदन विनायक, महादेव-सुत बनो सहायक ॥
सुमुख सखा सबके सुखदायक, महादेव-सुत बनो सहायक,
प्रथम पूज्य गजबदन विनायक, महादेव-सुत बनो सहायक,

अजीब दुनियाँ अजीब नाते,
अजीब दुनियाँ अजीब नाते, हे देव पल भर मुझे न भाते,
हे देव पल भर मुझे न भाते,
नमन तुम्हें हे विधि-विधायक, महादेव-सुत बनो सहायक,
प्रथम पूज्य गजबदन विनायक......

नहीं जगत में है कोई मेरा,
नहीं जगत में है कोई मेरा, बस इक सहारा है देव तेरा,
बस इक सहारा है देव तेरा,
महादेव मन-मोद-प्रदायक, महादेव-सुत बनो सहायक,
प्रथम पूज्य गजबदन विनायक......

हे गजबदन में हुआ दीवाना,
हे गजबदन में हुआ दीवाना, यही तो कहता है ये जमाना,
यही तो कहता है ये जमाना,
तुम्हीं सम्हालो वर-वरदायक, महादेव-सुत बनो सहायक,
प्रथम पूज्य गजबदन विनायक.....

सुमुख सखा सबके सुखदायक, महादेव-सुत बनो सहायक,
प्रथम पूज्य गजबदन विनायक, महादेव-सुत बनो सहायक,

(गीत रचना- अशोक कुमार खरे)

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/4028/title/pratham-pujya-gajbadan-vinayak-mahadev-sut-bano-shayak

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |